Amar Ujala
Dt.04-11-2026

एकलव्य विद्यालय चयन परीक्षा 15 को, 761 छात्र आजमाएंगे भाग्य

धर्मशाला। जनजातीय क्षेत्रों के मेधावी विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से आयोजित होने वाली एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय चयन परीक्षा (ईएमआरएसएसटी)-2027 का आयोजन 15 नवंबर को होगा। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने परीक्षा को लेकर तैयारियां पूरी कर ली हैं। प्रदेशभर में होने वाली इस प्रवेश परीक्षा में कुल 761 अभ्यर्थी भाग्य आजमाएंगे। परीक्षा सुबह 11:00 से दोपहर 1:00 बजे तक होगी।

एचपी बोर्ड ने पूरी की तैयारियां, 10 केंद्रों पर होगी परीक्षा

बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि परीक्षा के लिए चार जिलों में परीक्षा केंद्र बनाए हैं। इनमें चंबा जिले के होली, भरमौर और किलाड़ (पांगी), कांगड़ा जिले के दाड़ी, किन्नौर जिले के निचार, पूह और रिकांगपिओ व लाहौल-स्पीति जिले के कुकुमसेरी, काजा और केलांग में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर 761 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड 5 नवंबर से बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट www.hpbose.org पर उपलब्ध होंगे। अभ्यर्थी आवेदन संख्या और जन्मतिथि दर्ज कर रोल नंबर स्लिप डाउनलोड कर सकेंगे। परीक्षा केंद्र या रोल नंबर से संबंधित जानकारी के लिए दूरभाष नंबर 01892-242192 भी जारी किया गया है। ब्यूरो

पंजाब केसरी
WED,04 NOVEMBER 2026
EDITION: HIMACHAL , PAGE NO. 6

एकलव्य विद्यालय चयन परीक्षा 15 नवम्बर को, 761 अभ्यर्थी लेंगे हिस्सा

धर्मशाला, 3 नवम्बर (सुनील): एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय चयन परीक्षा-2027 का आयोजन आगामी 15 नवम्बर को होने जा रहा है,



जिसमें प्रदेश भर के कुल 761 अभ्यर्थी हिस्सा लेंगे। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि जनजातीय क्षेत्रों के मेधावी छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से यह प्रवेश परीक्षा आयोजित की जा रही है।

उन्होंने कहा कि परीक्षा रविवार को प्रात: 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक होगी। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए शिक्षा बोर्ड द्वारा राज्य के चार जनजातीय व प्रमुख जिलों में परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं। चम्बा जिले में होली, भरमौर और पांगी में केंद्र बनाए गए हैं।

इसी तरह कांगड़ा जिले में दाड़ी, किन्नौर जिले में निचार, पूह व रिकांगपिओ तथा लाहौल-स्पीति जिले में कुकुमसेरी, काजा और केलांग को परीक्षा केंद्र के रूप में चिन्हित किया गया है।

बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने सभी अभ्यर्थियों और अभिभावकों से आग्रह किया है कि अंतिम समय की हड़बड़ाहट से बचने के लिए समय रहते एडमिट कार्ड डाऊनलोड कर लें। साथ ही प्रवेश पत्र पर दिए गए सभी दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करें।

5 नवम्बर से वैबसाइट पर मिलेंगे एडमिट कार्ड

परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड 5 नवम्बर से बोर्ड की आधिकारिक वैबसाइट पर उपलब्ध करवा दिए जाएंगे ।अभ्यर्थी अपने आवेदन नम्बर और जन्मतिथि की सहायता से रोल नंबर स्लिप डाऊनलोड कर सकेंगे। बोर्ड ने साफ किया है कि किसी भी परीक्षार्थी को डाक द्वारा एडमिट कार्ड नहीं भेजा जाएगा।

दिव्य हिमाचल E-Paper
देवभूमि का नम्बर वन लोकप्रिय मीडिया

एकलव्य विद्यालय चयन परीक्षा 15 नवंबर को

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय चयन परीक्षा (ईएमआरएसएसटी)-2027 का आयोजन 15 नवंबर को सुबह 11 से दोपहर एक बजे तक किया जाएगा। परीक्षा में 761 अभ्यर्थी शामिल होंगे। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि चंबा, कांगड़ा, किन्नौर और लाहौल-स्पीति जिलों में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। चंबा में होली, भरमौर और किलाड़ (पांगी), कांगड़ा में दाड़ी, किन्नौर में निचार, पूह और रिकांग पिओ तथा लाहौल-स्पीति में कुकुमसेरी, काजा और केलांग में परीक्षा होगी।

Dainik Jagran Dt. 04-11-2026

एकलव्य स्कूल चयन परीक्षा 15 नवंबर से

जागरण संवाद केंद्र, धर्मशाला : हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने एकलव्य माडल आवासीय विद्यालय चयन परीक्षा-2027 की तैयारियां पूरी कर ली हैं। बोर्ड अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि परीक्षा 15 नवंबर, 2026 (रविवार) को सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक होगी। इसमें 761 अभ्यर्थी भाग लेंगे। परीक्षा केंद्र चंबा जिले के होली, भरमौर और किलाड़ (पांगी); कांगड़ा के दाड़ी; किन्नौर के निचार, पूह और रिकांग पिओ; तथा लाहौल-स्पीति के कुकुमसेरी, काजा और केलांग में बनाए गए हैं। एडमिट कार्ड पांच नवंबर से बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे।

दैनिक सवेरा टाइम्स
अंधेरे से उजाले की ओर...

5 नवंबर को होगी एकलव्य विद्यालय चयन परीक्षा, 761 अभ्यर्थी आजमाएंगे भाग्य

5 नवंबर से वेबसाइट पर डाउनलोड कर सकेंगे प्रवेश पत्र, प्रदेश के चार जिलों में बनाए गए परीक्षा केंद्र

सवेरा न्यूज/ ब्यूरो

धर्मशाला, 3 नवंबरः जनजातीय क्षेत्रों के मेधावी विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से आयोजित होने वाली एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय चयन परीक्षा (ईएमआरएसएसटी)-2027 के लिए हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। परीक्षा 15 नवंबर को प्रदेशभर में सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक आयोजित की जाएगी। इसमें कुल 761 अभ्यर्थी भाग लेंगे। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए प्रदेश के चार जिलों में परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं। चंबा जिले में होली, भरमौर और किलाड़ (पांगी), कांगड़ा जिले में दाड़ी, किन्नौर जिले में निचार, पूह और रिकांग पिओ तथा लाहौल-स्पीति जिले में कुकुमसेरी, काजा और केलांग में परीक्षा आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि सभी अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र 5 नवंबर, 2026 से बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे। परीक्षार्थी अपनी आवेदन संख्या और जन्मतिथि दर्ज कर प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। बोर्ड की ओर से किसी भी अभ्यर्थी को डाक के माध्यम से प्रवेश पत्र नहीं भेजा जाएगा। बोर्ड अध्यक्ष ने अभ्यर्थियों और अभिभावकों से समय रहते प्रवेश पत्र डाउनलोड करने तथा उस पर दिए गए परीक्षा संबंधी निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

Dt. 04/11/2026

एकलव्य विद्यालय चयन परीक्षा 15 नवंबर को,761 विद्यार्थी आजमाएंगे भाग्य

भारतेन्दु संवाददाता, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय चयन परीक्षा-2027 के लिए तैयारियां पूरी कर ली हैं। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि परीक्षा 15 नवंबर को सुबह 11 से दोपहर एक बजे तक आयोजित होगी। इसमें प्रदेश के 761 अभ्यर्थी भाग लेंगे। परीक्षा के लिए चंबा, कांगड़ा, किन्नौर और लाहौल-स्पीति जिलों में केंद्र बनाए गए हैं। इनमें होली, भरमौर, किलाड़, दाड़ी, निचार, पूह, रिकांग पिओ, कुकुमसेरी, काजा और केलांग शामिल हैं। बोर्ड के अनुसार, अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र 5 नवंबर से आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे। विद्यार्थी आवेदन संख्या और जन्मतिथि दर्ज कर इन्हें डाउनलोड कर सकेंगे। डाक के माध्यम से प्रवेश पत्र नहीं भेजे जाएंगे। बोर्ड अध्यक्ष ने अभ्यर्थियों और अभिभावकों से समय रहते प्रवेश पत्र डाउनलोड करने तथा उस पर दिए निर्देशों का पालन करने की अपील की है।